प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय आवास बैंक ने *आजादी के अमृत महोत्सव* के दौरान वृक्षारोपण अभियान आयोजित करके 02 अक्टूबर, 2021 को गांधी जयंती मनाई

राष्ट्रीय आवास बैंक, नई दिल्ली ने आज गांधी जयंती के अवसर पर अर्थात 02 अक्टूबर,2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में सेक्टर डी 6 वसंत कुंज, सेक्टर ए पॉकेट बी वसंत कुंज और जंगपुरा एक्सटेंशन में बैंक के स्टाफ अपार्टमेंट में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री एस.के. होता, प्रबंध निदेशक, श्री ललित कुमार चंदेल, आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय एवं बैंक के निदेशक, श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक और श्री वी. वैदीश्वरण, कार्यपालक निदेशक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित रहे। बैंक के सभी अधिकारियों और बच्चों सहित उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया और फूलों, फलों और घने छाँव प्रदान करने वाले 75 से अधिक पौधे लगाए। श्री होता ने बताया कि किस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का प्रकृति के प्रति कर्तव्य है। प्रत्येक अधिकारी ने दुनिया को रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाने में मदद करने के लिए एक पौधे को पोषित करने और पर्यावरण का समर्थन करने का संकल्प लिया।